# YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 07.07.2018**

**DAINIK BHASKAR**

**प्रशिक्षण** पढ़ाई के दबाव को कम करने के लिए वाईएमसीए विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आरंभ

## 'स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम' में बताया कैसे करें प्रेशर कंट्रोल

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

नए शैक्षणिक सत्र में शुरू किए जा रहे तीन सप्ताह के अनिवार्य प्रेरण कार्यक्रम (इंडक्शन प्रोग्राम) को बेहतर ढंग से लागू करने के लिए वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें फरीदाबाद, गुड़गांव, झज्जर, महेंद्रगढ़, नूंह, मेवात, पलवल व रेवाड़ी के सरकारी व निजी इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी संस्थानों के लगभग 150 संकाय सदस्य भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य संकाय सदस्यों को अनिवार्य प्रेरण कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रशिक्षित करना है। जिससे वे अपने संस्थानों में अनिवार्य प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन करने में सक्षम हो सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय के सार्वभौमिक मानवीय मूल्य एवं नीतिशास्त्र के अंतरराष्ट्रीय संसाधन केंद्र में सहायक कुलसचिव जितेंद्र नरूला उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने कहा कि एआईसीटीई द्वारा निर्धारित मॉडल पाठ्यक्रम के तहत नए शैक्षणिक सत्र में शुरू किए जा रहे अनिवार्य प्रेरण कार्यक्रम का उद्देश्य इंजीनियर की पढ़ाई पढ़ने वाले विद्यार्थियों का मानसिक तनाव कम करना व मानवीय पहलुओं को लेकर उनकी समझ को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर इंजीनियरिंग में दाखिला पाने वाले विद्यार्थी पर पढ़ाई को लेकर दबाव रहता है। इसी दबाव को कम करने के लिए नए शैक्षणिक सत्र में पहले तीन सप्ताह 'स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम' के तहत विद्यार्थियों को सिर्फ एक्सट्रा करिकुलम एक्टीविटीज कराई जाएंगी। जिससे विद्यार्थी का जुड़ाव संस्थान और शिक्षकों के प्रति बढ़ेगा। इससे पढ़ाई को लेकर उस पर दबाव कम होगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम नए विद्यार्थियों को संस्थान के साथ जोड़ने की एक बेहतरीन पहल है। उन्होंने कहा संकाय सदस्यों के लिए यह चुनौतीपूर्ण रहेगा कि वे किस तरह से विद्यार्थियों के साथ जुड़ाव बनाते हैं। इंजीनियरिंग को लेकर विद्यार्थियों के मन की शंकाओं को दूर करते हैं। जरूरी नहीं है कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई पढ़ने वाले विद्यार्थी सिर्फ इंजीनियर ही बनें। इसलिए ऐसे विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानना व उन्हें कुछ अलग सीखने के लिए प्रेरित करना भी शिक्षकों का दायित्व है। उन्होंने कहा विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली में विद्यार्थियों को अपनी पसंद अनुसार विषय पढ़ने की छूट मिलती है। कुलपति ने कहा इंजीनियरिंग की पढ़ाई पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए मानवीय मूल्यों को समझना बेहद जरूरी है। मानवीय व नैतिक मूल्यों से ही विद्यार्थी में सकारात्मक सोच विकसित होगी, जिससे वह अपने इंजीनियरिंग कौशल को सही दिशा में उपयोग करने में समक्ष हो सकेगा।



फरीदाबाद. वाईएमसीए विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जितेंद्र नरूला।

**AMAR UJALA**

## इंजीनियरिंग के छात्र पढ़ेंगे मानवता का पाठ

**फरीदाबाद।** नए शैक्षणिक सत्र में शुरू किए जा रहे तीन सप्ताह के अनिवार्य प्रेरणा कार्यक्रम (इंडक्शन प्रोग्राम) को वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार से हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय के सार्वभौमिक मानवीय मूल्य एवं नीतिशास्त्र के अंतरराष्ट्रीय संसाधन केंद्र में सहायक कुलसचिव जितेंद्र नरूला मुख्य वक्ता रहे। इस कार्यक्रम में सरकारी व निजी इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी संस्थानों के लगभग 150 संकाय सदस्य हिस्सा ले रहे हैं। ब्यूरो

YMCA University of Science & Technology
(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 07.07.2018**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम की शुरुआत



दीप प्रज्वलित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व अन्य।

फरीदाबाद, 6 जुलाई (ब्यूरो): अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) द्वारा निर्धारित मॉडल पाठ्यक्रम के अंतर्गत नये शैक्षणिक सत्र में शुरू किये जा रहे तीन सप्ताह के अनिवार्य प्रेरणा कार्यक्रम (इंडक्शन प्रोग्राम) को बेहतर ढंग से लागू करने के दृष्टिगत वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम आज आरंभ हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय के सार्वभौमिक मानवीय मूल्य एवं नीतिशास्त्र के अंतर्राष्ट्रीय संसाधन केंद्र में सहायक कुलसचिव तथा एआईसीटीई द्वारा नामित राज्य अकादमिक समन्वयक जितेन्द्र नरूला उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता रहे तथा तीन दिवसीय कार्यक्रम का संचालन भी करेंगे। विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह की देख-रेख में किया जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. शर्मा तथा डीन (संस्थान) डॉ. संदीप ग्रोवर भी उपस्थित थे।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Sat, 07 July 2018
epaper.punjabkesari.in/c/30199317

**NEWS CLIPPING: 07.07.2018**

**PUNJAB KESARI (DELHI)**

कार्यक्रम वाईएमसीए विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम आरंभ

# छात्र की प्रतिभा को पहचानना शिक्षक का दायित्व

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी)। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् आईसीटीई द्वारा निर्धारित मॉडल पाठ्यक्रम के अंतर्गत नये शैक्षणिक सत्र में शुरू किये जा रहे तीन सप्ताह के अनिवार्य प्रेरण कार्यक्रम इंडक्शन प्रोग्राम को बेहतर ढंग से लागू करने के दृष्टिगत वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम आज आरंभ हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने किया।

पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय के सार्वभौमिक मानवीय मूल्य एवं नीतिशास्त्र के अंतर्राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र में सहायक कुलसचिव तथा एआईसीटीई द्वारा नामित राज्य अकादमिक समन्वयक श्री जितेन्द्र नरूला उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता रहे तथा तीन दिवसीय कार्यक्रम का संचालन भी करेंगे। विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन डीन अकादमिक डॉ विक्रम सिंह की देखरेख में किया जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस के शर्मा तथा डीन संस्थान डॉ संदीप ग्रोवर भी उपस्थित थे।


दीप पज्ज्वलित करते हुए कुलपति प्रो दिनेश कुमार व अन्य। (छाया:राकेश देव)

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री जितेन्द्र नरूला ने कहा कि एआईसीटीई द्वारा निर्धारित मॉडल पाठ्यक्रम के अंतर्गत नये शैक्षणिक सत्र में शुरू किये जा रहे अनिवार्य प्रेरण कार्यक्रम का उद्देश्य इंजीनियर की पढ़ाई पढ़ने वाले विद्यार्थियों का मानसिक तनाव कम करना तथा मानवीय पहलुओं को लेकर उनकी समझ को विकसित करना है।

उन्होंने कहा कि आमतौर पर इंजीनियरिंग में दाखिला पाने वाले विद्यार्थी पर पढ़ाई को लेकर दबाव रहना है। इसी दबाव को कम करने के लिए नये शैक्षणिक सत्र में पहले तीन सप्ताह स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत विद्यार्थियों को सिर्फ एक्सट्रा करिकुलम एक्टीविटीज करवाई जायेंगी, जिससे विद्यार्थी का जुड़ाव संस्थान तथा शिक्षकों के प्रति बढ़ेगा। इससे पढ़ाई को लेकर उस पर दबाव कम होगा।

## विद्यार्थियों के लिए मानवीय मूल्यों को समझना बेहद जरूरी

कुलपति ने कहा कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए मानवीय मूल्यों को समझना बेहद जरूरी है। मावनीय व नैतिक मूल्यों से ही विद्यार्थी में सकारात्मक सोच विकसित होगीए जिससे वह अपने इंजीनियरिंग कौशल को सही दिशा में उपयोग करने में समक्ष हो सकेगा। कुलपति ने सभी संबद्ध कालेजों के प्रतिनिधियों को अपने संस्थानों में स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम के आयोजन के लिए तैयारी करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने एआईसीटीई के प्रतिनिधियों तथा सभी प्रतिभागियों कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी।

**NEWS CLIPPING: 07.07.2018**

**NAVBHARAT TIMES**

# कार्यक्रम हुआ

**प्रस, फरीदाबाद** : अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के निर्धारित मॉडल कोर्स के अंतर्गत नए शैक्षणिक सत्र में 3 हफ्ते का इंडक्शन प्रोग्राम किया जाएगा। इसके लिए वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी में 3 दिवसीय फैकल्टी डिवेलपमेंट कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने किया। कार्यक्रम का आयोजन डीन डॉ. विक्रम सिंह की देखरेख में किया जा रहा है। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. एस. के. शर्मा और डीन डॉ. संदीप ग्रोवर मौजूद रहे।